पंजाब केसरी 22/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में 'फ्रॉम शाय टू शाइन पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में वीरवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में जनसंचार विभाग, पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'फ्रॉम शाय टू शाइन पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर टी.एस. दुग्गल एवं अशोक लहरी ने शिरकत की।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में उनके व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के लिए आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में 'फ्रॉम शाय टू शाइन पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट' विषय पर आयोजित कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

कार्यशाला में मुख्य वक्ता टी.एस. दुग्गल एवं अशोक लहरी ने बेहद सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों को पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट विषय से रू-ब-रू कराया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुषमा ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत व्यवहार, एटीट्यूड, प्रिजैंटेशन स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, बॉडी लैंग्वेज एवं ड्रैसिंग सैंस जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

मंच संचालन सुषमा शर्मा द्वारा किया गया तो धन्यवाद प्रस्ताव प्रियंका ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. जसवीर कौर, महक तलवार, गुरप्रीत कौर सहित 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।